इंडिया रिपोर्टर लाइव
निर्भीक, निष्पक्ष ख़बरें

एबिक्स कैश को उत्तर बंगाल राज्य परिवहन निगम से मिला दीर्घकालिक बस एक्सचेंज कॉन्ट्रैक्ट

Indiareporter Live   *October 1, 2022*

शेयर करे

इस खबर को सुने

इंडिया रिपोर्टर लाइव

अनिल बेदाग़,मुंबई (महाराष्ट्र)
'इंडिया रिपोर्टर लाइव'

मुंबई 01 अक्टूबर 2022। एबिक्स इंक की सहायक कंपनी एबिक्स कैश प्राइवेट लिमिटेड ने जानकारी दी है कि इसे उत्तर बंगाल राज्य परिवहन निगम (एनबीएसटीसी) द्वारा संचालित सभी सरकारी बसों के लिए इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) की डिजाइनिंग, विकास, निर्माण, स्थापना, रखरखाव, परिचालन और हस्तांतरण का प्रतिष्ठित आर्डर मिला है। ज्ञातव्य है कि एबिक्स कैश प्राइवेट लिमिटेड बीमा, वित्तीय, स्वास्थ्य देखभाल और ई-लर्निंग उद्योगों के लिए ऑन-डिमांड सॉफ्टवेयर और ई-कॉमर्स सेवाओं की एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय आपूर्तिकर्ता है। यह नया कॉन्ट्रैक्ट पश्चिम बंगाल राज्य सरकार के तीन प्रमुख परिवहन निकायों – कलकत्ता राज्य परिवहन निगम (सीएसटीसी), पश्चिम बंगाल परिवहन निगम (डब्ल्यूबीएसटीसी), और दक्षिण बंगाल राज्य परिवहन निगम (एसबीएसटीसी) के साथ पहले से हस्ताक्षरित तीन अनुबंधों अतिरिक्त है। इन चारों कॉन्ट्रैक्ट में से प्रत्येक की प्रारंभिक अवधि 7 वर्ष की है। इस नए कॉन्ट्रैक्ट के अंतर्गत पश्चिम बंगाल राज्य में जिन बसों में एबिक्सकैश बस एक्सचेंज सॉल्युशंस लगने हैं उनकी कुल न्यूनतम संख्या 2,800 होगी। 22 मार्च 2022 को एबिक्स कैश ने आंध्र प्रदेश में आंध्र प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (एपीएसआरटीसी) द्वारा संचालित कम से कम 14,950 बसों के लिए इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) के डिजाइन, विकास, निर्माण, स्थापना, रखरखाव, संचालन और हस्तांतरण के लिए 5 साल का कॉन्ट्रैक्ट मिलने की जानकारी दी थी। भारत में एंटरप्राइज बस ई-कॉमर्स के क्षेत्र में एबिक्स कैश का बस एक्सचेंज डिवीजन का प्रभावशाली स्थान है। यह भारत के 30% बस टिकटिंग सिस्टम नेटवर्क में 1.7 बिलियन डॉलर का वार्षिक व्यवसाय करता है, जिसमें 14 से अधिक बृहत् सरकारी सार्वजनिक परिवहन निगम इसके ग्राहक हैं।एबिक्स कैश का इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) इलेक्ट्रॉनिक टिकटिंग मशीन और सॉफ्टवेयर सहित भाडा के टिकट काटने और संग्रह के सभी पहलुओं को स्वचालित करने का काम करता है। दोनों निगमों द्वारा चलाई जा रही सभी बसों में मानव संसाधनों के उपयोग को अनुकूलित करने के प्रयास के अलावा यह राजस्व में किसी भी तरह के नुकसान को रोकने, अंतिम यात्रियों को त्वरित सेवाएँ देने, मार्ग पर बसों का रियल टाइम पूर्ण नियंत्रण रखने, लेन-देन की निगरानी और ऑडिट करने के साथ सुव्यवस्थित एमआईएस और रियल टाइम डेटा के मामले में बस निगमों को जबरदस्त मजबूती प्रदान करता है। यात्री बस के अंदर और बाहर अपने टिकट के लिए स्मार्ट कार्ड पर भुगतान करने की सुविधा के कारण कतारों में लगाने और समय की बर्बादी से बच सकते हैं। एबिक्स कैश के बोर्ड के चेयरमैन, रॉबिन रैना ने कहा कि, "हमें यह कॉन्ट्रैक्ट पाकर बेहद खुशी हो रही है। यह कॉन्ट्रैक्ट इस तथ्य का प्रमाण है कि आज देश के बस यातायात के बड़े हिस्से, यानी सरकारी बसों में इलेक्ट्रॉनिक टिकटिंग मशीन और संबंधित सॉफ्टवेयर सहित किराया टिकटिंग और वसूली के सभी पहलू स्वचालित रूप से एबिक्स कैश तकनीक द्वारा संचालित किये जा रहे हैं। हम इस इस तकनीकी कुशलता को अपने भुगतान समाधान कार्ड उत्पादों के साथ जोड़ने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं जो प्रधानमंत्री मोदी के वन कंट्री, वन कार्ड की दूरदृष्टि के अनुरूप बसों के साथ-साथ जीवन के सभी पहलुओं के लिए उपयोगी हो सकते हैं।"